सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 19 अगस्त, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित प्रेम चंद शर्मा ने भेंट की। श्री प्रेम चंद शर्मा जी जैविक एवं प्राकृतिक खेती व बागवानी के विशेषज्ञ हैं, आपने अपने प्रयोगों और नवाचार के माध्यम से अपने गाँव में एक आदर्श बागवानी केंद्र स्थापित किया है। श्री शर्मा ने राज्यपाल को शहरी क्षेत्रों के लिए अपने नए प्रयोग "जैविक किचन गार्डन" मॉडल के बारे में विस्तार से बताया।

राज्यपाल ने कहा कि ''मेरा हमेशा से ये मानना रहा है कि प्राकृतिक और जैविक खेती के माध्यम से हम रोजगार सृजन के साथ–साथ पलायन को रोकने में भी सफल हो सकते हैं।'' राज्यपाल ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, और ये बेहद जरूरी है कि हमारी जीवन शैली में योग और हमारी भोजन में जैविक रूप से उगाई गई सब्जियों का ही प्रयोग हो। राज्यपाल ने कहा कि श्री शर्मा द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं और अन्य लोगों को भी उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

...........0............